हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

06 कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान, धूप में 4 घंटे धरने...



07 सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग 86 में से...





**खबर संक्षेप**

### खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए किया गया टीकाकरण



**सीहोर।** वेटरनरी विभाग द्वारा जिले के ग्राम नीमटोन में पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग से सुरक्षित रखने के लिए पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया गया तथा रोग की निगरानी के उद्देश्य से प्री-वैक्सीनेशन सैंपल भी एकत्रित किए गए। विभागीय टीम ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी। खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग से पशुओं में बुखार, मुंह में छाले, खुरों में घाव तथा दूध उत्पादन में कमी जैसी समस्याएं होती हैं। एफएमडी वैक्सीनेशन इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण फैलने का खतरा कम होता है। नियमित टीकाकरण से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

### टीईटी अनिवार्य करने का विरोध, कल से आंदोलन

**सीहोर।** शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक शनिवार को आवासीय विद्यालय परिसर में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में एक सूत्रीय मांग टीईटी परीक्षा का विरोध मुद्दे पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर ऐसी परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों में असंतोष है। शिक्षक इस फैसले के खिलाफ एकजुट हैं। बैठक में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति तय हुई। 8 अप्रैल को जिला स्तरीय आंदोलन होगा। 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय आंदोलन होगा। 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महा आंदोलन होगा। इन आंदोलनों के जरिए शासन और प्रशासन तक मांगें पहुंचाई जाएंगी। बैठक में अध्यापक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक संजय सक्सेना, विश्वजीत त्यागी, सतीश त्यागी, राजेंद्र सिसोदिया, शिवनारायण गौर, सवाई सिंह परिहार, मुकेश कुशवाह, प्रदीप नागिया, चंदर सिंह ठाकुर, इन्दर सिंह ठाकुर, राजेश राठौर मौजूद रहे।

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# गेहूं उपार्जन की सभी तैयारियां दुरुस्त रखें: कलेक्टर यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

**संकल्प से समाधान अभियान के लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करें**

जिले में समर्थन मूल्य पर 10 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उपार्जन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि खरीदी के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी खरीदी केंद्रों पर तौल कांटा, बारदाना, हम्माल, तुलावटी सहित आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कृषकों से शासन के दिशा-निर्देशानुसार उपार्जन किया जाए तथा केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, छांव एवं ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खरीदी के दौरान किसानों से मधुर व्यवहार रखा जाए और उनकी उपज का समय पर तौल सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



बैठक में कलेक्टर ने राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बुकिंग के आधार पर निर्धारित दर पर ही एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग की जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायत निराकरण में कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में निराकरण करें। किसी भी विभाग की शिकायत नॉन-अटेंड न रहे, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। लंबे समय से लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। जनगणना-2027 कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शासन निर्देशानुसार सभी कार्य समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है, वे अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। जनगणना कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आई-गोट पोर्टल पर कम से कम 10 प्रशिक्षण पूर्ण करने तथा प्रतिदिन शाम 4 बजे तक गूगल शीट में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने पर जोर दिया तथा समय-सीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए। एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निजी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण बढ़ाने और लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी उपस्थित रहे।

### किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

## समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने व बैंक खाता पलटी तारीख बढ़ाने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, सहकारी बैंक के खाते की पलटी की अंतिम दिनांक बढ़ाने की मांग जैसी किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय तहसील कार्यालय पर ज्ञापन सौपा गया है। सोमवार को भारतीय किसान संघ द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शीघ्र प्रारम्भ की जाए, खरीदी में किसी प्रकार की लिमिट नही लगाई जाए। तोल कांटो, हिम्माल तुलावटी की संख्या बढ़ाई जाए व बारदान पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे। जिन किसानों ने मजबूरी में बाजार में गेहूं बेचा है उन्हें भावान्तर दिया जाए। गेंहू की खरीदी में हुई देरी के कारण जिन किसानों के जिला सहकारी बैंकों के खाते ओवर ड्यू हो गए है उन्हें ब्याज व पेनल्टी देना पड़ रही है अतः बैंक खाता पलटी की अंतिम दिनांक बढ़ाकर 30 मई की जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि जिला सहकारी बैंकों में खाता पलटी की प्रक्रिया वार्षिक की जाए। गेहूं की नरवाई जलाने पर किसानों पर हो रही एफआईआर एवं चालानी कार्यवाही को तत्काल बंद किया जाए। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान किसान संघ पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### भक्तिमय हुआ शहर: धूमधाम से निकाली ऐतिहासिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा

सीहोर। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी की विशाल झंडा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। आपको बता दे झंडा यात्रा को लेकर पूर्व में बैठक आयोजित की गई थी एवं तैयारी चल रही थी बैठक में सर्व सहमति से झंडा यात्रा का अध्यक्ष सुनील राय को नियुक्त किया गया था। जानकारी देते हुए सुनील राय ने बताया कि बड़े हर्ष के साथ आप सभी धर्म प्रेमी, धर्म रक्षक, और भक्तिमय बंधुओ को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य, दिव्य, और अलौकिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा सफल रही मैं इसके लिए सभी धर्म प्रेमियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूँ लगातार 13 वर्षों से यह यात्रा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भोपाल नाका से निकाली जाती हैं उसी क्रम में इस वर्ष भी 04 अप्रैल को हनुमान झंडा भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई थी जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कोतवाली से होकर हनुमान फाटक पर सम्पन्न हुई। विशाल हनुमान झंडा उत्सव समिति एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल ने सभी के सहयोग के लिए आभार जताया है यात्रा में आप समस्त शहरवासियों ने आपकी एकता का परिचय दिया है। यात्रा में सुंदर एवं दिव्य झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही जिसका नजारा देखते बन रहा था। यात्रा में शहर के जनप्रतिनिधि एवं धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

### विनोद जैन बने गुरु आस्था परिवार के प्रदेश संरक्षक



**नलखेड़ा।** आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के मार्ग दर्शन में संचालित गुरु आस्था परिवार मध्यप्रदेश युवा इकाई के प्रदेश संरक्षक पद पर समाज सेवी, गुरु भक्त, विनोद जैन ( नलखेड़ा वाले) की नियुक्ति पर समाज के युवाओं में हर्ष की लहर प्राप्त हो गई। समाज के युवाओं के साथ इष्ट मित्रों तथा अन्य परिचितो द्वारा उन्हें इस नियुक्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश प्रेषित कर कामना की गई की उनके संरक्षण में गुरु आस्था परिवार युवा प्रकोष्ठ को निश्चित ही बल मिलेगा और समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# भाजपा स्थापना दिवस मनाया, घरों पर झंडे लगाए



**नलखेड़ा।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने स्वनिवास पर पार्टी का झंडा लगाया गया । सोमवार को विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

स्थानीय रेन बसेरा परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी का झंडा फहराया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ये सिर्फ एक झंडा नहीं, हमारे संकल्प, सेवा और समर्पण की पहचान है। इस ऐतिहासिक दिन पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पूर्व जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, मंडल महामंत्री शिवम बिरम मालवीय, पार्षदगण, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने घरों पर पार्टी के झंडे भी लगाए गए।



## मजदूरों ने कहा यह हमारी मां के समान है सीवन दिल से काम करेंगे

**सीहोर।** हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत जलकुंभी मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम द्वारा निकलवाई जा रही है। जैसे ही शुरू जलकुंभी अभियान हुआ मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और देखते ही देखते मात्र कुछ ही क्षणों में दो ट्राली के लगभग जलकुंभी निकाली।

जलकुंभी किस प्रकार से निकले इसकी भी सलाह अनुभवी राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा उन्होंने मजदूरों को मार्गदर्शन दिया। लगभग 7 से 8 ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकल गया, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह मां की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस अवसर पर जीवन पुत्र मुकेश राय सुबह से लेकर शाम इस अभियान में लगे रहे और साथ में प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण ,राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा। मजदूरों का जो सम्मान किया गया उसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि डॉ. प्रदीप सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने सीवन को लेकर प्रकाश डाला और सीवन पुत्र-पुत्री अभियान की प्रशंसा की,सभी मजदूर भाइयों का फूलों की मालाओं तथा श्री राम जी के दुपट्टों से सम्मान किया गया।



## 26 से भव्य पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

### 25 को निकाली जाएगी कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी।

प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है। 25 अप्रैल को पूजन, कलश यात्रा दोपहर तीन बजे आरंभ की जाएगी। इसके अलावा 26 अप्रैल को पंचांग पूजन सुबह आठ बजे मंडप प्रवेश आदि का आयोजन किया जाएगा। 30 अप्रैल को दोपहर बारह बजे आहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की।

**राष्ट्रहित जनसेवा, सबका साथ सबका विकास भाजपा के लिए सर्वोपरि: विधायक सुदेश राय**

# 15 पंचायतों को फाइटर टैंकर ,38 लाख से अधिक खर्च, पेयजल और आग बुझाने के लिए वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने रविवार को अपने कार्यालय में 15 ग्राम पंचायतों को फाइटर टैंकर वितरित किए। ये टैंकर जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने और आग बुझाने के काम आएंगे। वितरण भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया।


विधायक सुदेश राय ने फाइटर टैंकर की मोटर चलाकर पानी का दबाव देखा और उनका शुभारंभ किया। इन पेयजल फाइटर टैंकरों को विधायक विकास निधि से स्वीकृत किया गया था। टैंकर प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिव और ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सरपंचों ने विधायक सुदेश राय का फूल-मालाओं से स्वागत कर



आभार व्यक्त किया। ये फाइटर टैंकर जनपद पंचायत सीहोर अंतर्गत चांदबड़ जागीर, छतरपुरा, पीलूखेड़ी, घाटपलासी, कचनारिया, मानपुरा, मगरदा, सुआखेड़ी, पड़ियाला, बमूलिया, दोराहा, बरी, नाईहेड़ी, बराड़ीकलां, जमुनिया तालाब और सेमरादांगी ग्राम पंचायतों को प्रदान किए गए। प्रत्येक टैंकर एचडीपीई लाइन, जी.आई. वाटर टैंकर (क्षमता 5500 लीटर) और पावर पंप सहित है। एम.पी. स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज से खरीदे गए प्रत्येक टैंकर की लागत 2,57,645 रुपए है, जिससे कुल 38,64,675 रुपए के टैंकर वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव, राजकुमार रिंकू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, सुदीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 41 दिन की यात्रा कर लौटने पर स्वागत किया



**चापड़ा।** देश व क्षेत्र में अमन-चैन, सुख-शांतिकायम रहने की भावना के साथ 41 दिन की मां वैष्णो देवी की पदयात्रा पूर्ण कर लौटने पर यात्रियों को सम्मानित किया गया। अरनिया राम परिवार के 6 सदस्य इंदर सिंह, अमिलाबाई, योगेंद्र सिंह, रीनाबाई, सत्यजीत सिंह, राजवर्धन सिंह सभी ने मां वैष्णो देवी की यात्रा कर दर्शन किए। जहां पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर लौटने पर गुनेरा निवासी हाटपीपल्या मार्केटिंग के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुनेरा द्वारा यात्रियों के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया गया।

### छात्र ने की आत्महत्या

**देवास।** बालगढ़ क्षेत्र में 22 वर्षीय एमबीए छात्र रुद्राक्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी अनुसार, वह पढ़ाई और परीक्षा के दबाव के कारण मानसिक तनाव में था। रुद्राक्ष शहर के एक निजी कॉलेज में एमबीए का छात्र था और नीट परीक्षा की भी तैयारी कर रहा था। कमजोर तैयारी और लगातार बढ़ते दबाव के कारण वह अवसादग्रस्त हो गया था। सोमवार दोपहर घटना के समय घर पर उसकी बहन और भाई मौजूद थे। जब बहन पानी पीने कमरे में गई, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। शंका होने पर परिजनों और पड़ोसियों को बुलाया गया, जिन्होंने दरवाजा तोड़ा। अंदर रुद्राक्ष फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए।

### पराली जलाने पर एफआईआर के विरोध में किसानों ने उग्र प्रदर्शन किया

# कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान, धूप में 4 घंटे धरने के बाद भी नहीं निकला समाधान

गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों को साफ करने पराली जलाना किसानों के अनुसार उनकी मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज हो रही एफआईआर के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान संघ (भाकिसं) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसानों ने तेज धूप में करीब चार घंटे तक धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और मांगों के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों को साफ करने के लिए पराली जलाना उनकी मजबूरी है। इसके बावजूद प्रशासन लगातार किसानों पर एफआईआर दर्ज कर रहा है, जिससे वे परेशान हैं। किसानों ने मांग की कि पराली को खेत में नष्ट करने का कोई व्यावहारिक और सस्ता विकल्प प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जाए।



#### एफआईआर निरस्त करने सहित अन्य मांगें

किसानों ने पराली जलाने के मामलों में दर्ज प्रकरणों को तत्काल रद्द करने की मांग की। इसके साथ ही ऋण राहत, समर्थन मूल्य पर समय पर फसल खरीदी और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग भी उठाई गई। मौके पर पहुंचे कृषि अधिकारी गोपेश पाठक और एडीएम शोभाराम सोलंकी ने किसानों से चर्चा की, लेकिन किसान उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुए।

#### पुलिस कार्रवाई पर सवाल

भाकिसं के जिला मंत्री शेखर पटेल ने आरोप लगाया कि पुलिस किसानों को घरों से उठाकर थाने ले जा रही है, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि विद्युत कंपनी की लापरवाही से खेतों में आग लगती है, तो उस पर कोई



कार्रवाई क्यों नहीं होती। उन्होंने बताया कि कई किसानों को अब तक ओलावृष्टि का मुआवजा भी नहीं मिला है।

#### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का



समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री का पुतला दहन, मंडियों में तालाबंदी और चक्काजाम जैसे कदम शामिल होंगे। किसानों ने तीखे शब्दों में कहा कि यदि पराली जलाने पर ही रोक लगानी है, तो वे गेहूं की बुवाई बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

# शराब दुकानों पर ओवररेटिंग के खिलाफ कांग्रेस ने आबकारी में की शिकायत

### कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में शराब दुकानों पर ओवररेटिंग और अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस संगठन मुखर हो गया है। जिला कांग्रेस ग्रामीण संगठन के महासचिव जितेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी निरीक्षक महेश पटेल से मुलाकात कर विभिन्न वाइन शॉप्स पर हो रही अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले की अधिकांश शराब दुकानों पर ग्राहकों से निर्धारित प्रिंट रेट (एमआरपी) से 50 से 100 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे हैं। साथ ही दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं की जा रही, जिससे उपभोक्ताओं को भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विरोध करने पर ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत भी सामने आई है।इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने अवैध शराब बिक्री के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि गली-मोहल्लों में धड़ल्ले से अवैध शराब बिक रही है, जिससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और रिहायशी क्षेत्रों का माहौल खराब हो रहा है।शिकायत पर महेश पटेल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही विशेष टीम गठित कर औचक निरीक्षण किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ लाइसेंस निलंबन और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।वहीं, महासचिव जितेन्द्र सिंह गौड़ ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर ओवररेटिंग पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस संगठन आबकारी कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगा।इस मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह गौड़, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार में कांटाफोड़ पुलिस को मिली बड़ी सफलताः गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड

जिले की कांटाफोड़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गांजा तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, थाना प्रभारी के.एस. परस्ते के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर मोटरसाइकिल से जा रहे हैं। सूचना




मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बिछाखेड़ी-भैसुन मार्ग स्थित पांगरा रोड पुलिया के पास घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध मोटरसाइकिल वहां पहुंची, पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान हरे रंग की प्लास्टिक में रखे पैकेट में करीब 2 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुदामा प्रजापति, निवासी बहरावद थाना कन्नौद, रहीश शाह, निवासी कन्नौद शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 28 हजार रुपये कीमत का गांजा और करीब 50 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है। इस दौरान उप निरीक्षक विनय सिंह बघेल ,सहायक उप निरीक्षक सूबेदार सिंह यादव, प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह सोलंकी,प्रधान आरक्षक अशोक शर्मा ,प्रधान आरक्षक यतीश तिवारी, आरक्षक दिनेश भवर की सराहनीय भूमिका रही।

# बृहन्महाराष्ट्र मंडल का वर्धापन दिवस मनाया, सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बृहन्महाराष्ट्र मंडल के वर्धापन दिवस के अवसर पर विगत माह आयोजित सफल राष्ट्रीय अधिवेशन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले महाराष्ट्र समाज के 65 कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलिप कुम्भोजकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समाज के सहसचिव शिरीष खड़ीकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह के साथ ही शासकीय आदिवासी छात्रावास के 41 निर्धन बच्चों को महाराष्ट्र समाज देवास एवं बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि दिलिप



कुम्भोजकर, समाज अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष दीपक कर्पे तथा न्यास अध्यक्ष संजय कोटस्थाने द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# कांग्रेसियों ने पदाधिकारियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार को भौरासा टोल टैक्स के समीप महाकाल रेस्टोरेंट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया जिसमें नवागत कांग्रेस पदाधिकारीयो का स्वागत किया गया। आपको बता दे की पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश से लेकर जिले भर में कांग्रेस में नई नियुक्तियां की जा रही है।

इसी क्रम में कांग्रेस द्वारा जिला महामंत्री के पद पर दिलीप सिंह यादव व भौरासा ब्लॉक मंडल अध्यक्ष मनोहर यादव, अर्जुन गुर्जर, दिनेश चौहान, व शुभम नागर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र यादव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, दिनेश यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, मिथुन यादव भौरासा ब्लॉक



कांग्रेस अध्यक्ष, जितेंद्र धाकड़ किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, अफजल मंसूरी पार्षद, अबरार गांधी पार्षद, चांद खा पठान, भुरु भाई सेंटी, सोनू यादव, रमेश चंद गुर्जर सरसोदा, कालू सिंह गुर्जर, गुरु चरण सिंह गुर्जर, राजेंद्र यादव, उमेश धाकड़, अर्जुन गुर्जर, विशाल गुर्जर, कैलाश यादव, अर्जुन यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन थाने का नए स्थान पर निर्माण होना है, सामाजिक कार्यकताओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से दूर स्थित प्राचीन मेढकी वाटर वर्क्स बावड़ी और धार्मिक स्थल को बचाने के लिए हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सिविल लाइन थाने के निर्माण को तुरंत रोकने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर की यह अति प्राचीन बावड़ी खतरे में है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इसकी साफ-सफाई की जाए तो इसमें आज भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। परिसर में एक प्राचीन आंकड़े के पेड़ से गणेश जी की प्रतिमा निकली थी, जिसके बाद एक भक्त ने मंदिर की स्थापना की। प्रत्येक बुधवार को श्री गणेश मंदिर में पूजा-पाठ और भजन होते हैं।विगत कुछ दिनों से मेढकी बावड़ी के आसपास मिट्टी एकत्रित कर उसे बावड़ी में



डालने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह प्राचीन धरोहर को समाप्त कर सिविल लाइन थाना बनाने की तैयारी है। मेढकी चक और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### शिशुओं की गंभीर स्थिति के बावजूद सरकारी व्यवस्था पर जताया विश्वास

# प्री-मैच्योर जुड़वा शिशुओं की डॉक्टरों ने नया जीवन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


जिला अस्पताल के एसएनसीयू में चिकित्सकों की टीम ने एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण केस को सफलतापूर्वक संभालते हुए प्री-मैच्योर जुड़वा शिशुओं को नया जीवन दिया। 12 मार्च को आयशा पत्नी अंसार शेख ने 34 सप्ताह (प्री-टर्म) में दो बच्चों को जन्म दिया। बच्चों की हालत बेहद नाजुक थी। डॉक्टरों ने उन्हें बड़े मेडिकल सेंटर जाने की सलाह दी लेकिन परिजनों ने जिला अस्पताल के एसएनसीयू के डॉक्टरों पर भरोसा जताया और और अन्य सेंटरों में जाने से मना कर दिया।जन्म के समय पहले शिशु का वजन लगभग 1.46 किलोग्राम और दूसरे शिशु का वजन 1.93 किलोग्राम था, जो लो बर्थ वेट की श्रेणी में आता है। दोनों नवजातों की स्थिति अत्यंत गंभीर थी और उन्हें तत्काल एसएनसीयू में भर्ती कर ऑक्सीजन सपोर्टिव केयर प्रदान की गई। प्रारंभिक 72 घंटों के भीतर शिशुओं को ट्यूब फीडिंग शुरू की गई ताकि पोषण की कमी को पूरा किया जा सके। पहले शिशु की स्थिति बिगड़ने पर उसे सी-पैप सपोर्ट पर रखा गया, जिससे फेफड़ों में पर्याप्त ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। लगभग 7



दिनों तक लगातार रेस्पिरेटरी सपोर्ट दिया गया।दोनों शिशुओं में नियोनेटल सेप्सिस के लक्षण विकसित होने की आशंका को देखते हुए ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स शुरू किए गए। साथ ही एंटी-कन्वल्सेंट दवाओं का उपयोग कर दौरे को नियंत्रित किया गया।पहले शिशु में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसमें प्लेटलेट्स की संख्या घटकर मात्र 3,000 रह गई। इस दौरान शिशु को प्लेटलेट ट्रांसफ्यूजन (3 यूनिट) और ब्लड ट्रांसफ्यूजन (2 यूनिट) देना पड़ा। रक्तस्राव और शॉक की स्थिति से निपटने के लिए इनोट्रोप्स का उपयोग किया गया, जिससे हृदय की पंपिंग क्षमता और रक्त संचार सामान्य रखा जा सके।दूसरे शिशु में भी प्लेटलेट्स की संख्या गिरकर 7,000 तक पहुंच गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए 3 प्लेटलेट ट्रांसफ्यूजन दिए गए। साथ ही एंटीबायोटिक थेरेपी को अपग्रेड किया गया और शिशु को न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं से बचाने के लिए आवश्यक दवाएं दी गईं।लगातार 22 दिनों तक गहन निगरानी मल्टी-डिसिप्लिनरी केयर और विशेषज्ञ उपचार के बाद दोनों शिशुओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। 2 अप्रैल को दोनों को पूरी तरह स्थिर अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान में दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग (मां का दूध) ले रहे हैं। इस जटिल केस के सफल प्रबंधन में एमजी अस्पताल के शिशु रोग विभाग की प्रमुख डॉ. वैशाली निगम के नेतृत्व में डॉ. अनुज, डॉ. अश्विन और नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही। परिजनों ने चिकित्सकों की टीम पर विश्वास जताते हुए बड़े निजी अस्पतालों में जाने से इनकार किया, जो अंततः सही साबित हुआ। वही शिशुओं मां अलिशा ने बताया कि दोनों बच्चे स्वस्थ है, बच्चों की हालत देखते हुए डॉक्टरों ने हमें बड़े मैडिकल सेंटर जाने की सलाह दी थी लेकिन हमें उन पर विश्वास था। डॉक्टरों ने कड़ी मेहनत कर हमारे बच्चों को बचा लिया। हम बेहद खुश है।

# कुत्तों के हमले से घायल हिरण की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समीप ग्राम मातमोर में रविवार सुबह डायल 112 पर सूचना मिली थी कि ग्राम मातमोर में एक हिरन मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर डायल 112 प्रभारी सुरेंद्र सिंह एवं पायलट संजय उपाध्याय मौके पर पहुंचे। हिरण के शव को देख वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग कमलापुर व हाटपिपल्या की टीम मौके पर पहुंची। जहां से मृत हिरण के शव को अपने साथ हाटपीपल्या ले जाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मातमोर के धर्मेंद्र जाट के खेत पर रविवार सुबह घायल अवस्था में हिरण मिला था। बताया जा रहा है कि लगभग 4 से 5 कुत्तों द्वारा हिरण पर हमला किया गया, हमले में घायल होने से उसकी मौत हो गई।

इसी प्रकार शनिवार सुबह चापडा में भी मुक्ति धाम के समीप एक सूखे कुएं में मृत हिरण मिला था, जिसकी जानकारी वन विभाग हाटपिपलिया को दी गई थी। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त हिरण को निकाल कर हाटपिपलिया ले जाया गया। जहां पर विभागीय कार्रवाई कर अंतिम संस्कार किया गया। बता दे की लगातार जंगल का क्षेत्रफल कम होने के कारण वन प्राणी अब गांवों की ओर आने लगे हैं और जिसके कारण उनकी मौत हो रही है।

## खबर संक्षेप

### राजकीय पॉलिटेक्निक में आज स्कूल कैंपस ड्राइव

**ललितपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट के प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में एक पूल केंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट के अलावा उत्तर प्रदेश के समस्त पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रतिभाग कर सकते हैं यह पूल कैम्पस ड्राइव डिप्लोमा पास आउट स्टूडेंट और फाइनल ईयर में अध्यनरत स्टूडेंट के लिए हैं कोई भी स्टूडेंट जिसने डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल,इलेक्ट्रॉनिक्स या मैकेनिक ब्रांच में पास किया हो या फाइनल ईयर अध्यनरत स्टूडेंट कर सकता है तो वह इस पूल कैंपस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं प्लेसमेंट ड्राइव को राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट मे होगा

### जुआ खेलते 8 गिरफ्तार नकदी व मोबाइल बरामद

**ललितपुर।** शहर के व्यस्त इलाके कटरा बाजार में देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 8 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नगदी, ताश के पत्ते और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। थाना कोतवाली में दर्ज एफआईआर के अनुसार 6 अप्रैल को उपनिरीक्षक प्रशांत राणा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कटरा बाजार स्थित गोमती प्लेस के पास गैलरी में कुछ लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई, लेकिन सतर्क टीम ने सभी को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10,330 रुपये नकद, आरोपियों की तलाशी में 2,940 हजार रुपये अतिरिक्त नकद और 52 ताश के पत्ते, 6 मोबाइल फोन बरामद किए, जिन्हें कब्जे में लेकर सील कर दिया गया। पुलिस ने मोहल्ला चौबयाना निवासी कपिल पुत्र हरिशंकर, आजादपुरा निवासी अनुज सोनी पुत्र ज्ञानसिंह, कटरा बाजार निवासी मनमोहन सोनी पुत्र घनश्यामदास, छत्रसालपुरा निवासी संजय सोनी पुत्र राजेश सोनी, छत्रसालपुरा निवासी दीपेश रजक पुत्र राजेश रजक, अंकित योगी पुत्र प्रेमचंद योगी, छत्रसालपुरा निवासी अमित सोनी पुत्र हरगोविंद सोनी, सुभाषपुरा निवासी विशाल पुत्र स्व.राजेंद्र बताये गये हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। थाना तालबेहट में 5 अप्रैल को एक वादी की तहरीर के आधार पर तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त शिवा सहरिया (20 वर्ष) पुत्र सोनी सहरिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

### आंगनबाड़ी भर्ती में अपात्र के चयन का आरोप

**ललितपुर।** तहसील पाली अंतर्गत ग्राम कैथोरा में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। एक अभ्यर्थी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि अधिक अंक होने के बावजूद उसका चयन न कर कम मेरिट वाली अपात्र महिला को नियुक्त कर दिया गया है। ग्राम कैथोरा निवासी राजकुमारी पत्नी कन्हैयालाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने 15 मार्च 2024 को निकली आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन किया था। नियमानुसार साक्षात्कार के बाद उनकी मेरिट 17.02 बनी थी। राजकुमारी का आरोप है कि चयन सूची में उनके स्थान पर किसी ओर का चयन कर लिया गया।

## प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग 86 में से 72 योजनाओं को ए ग्रेड मिला



**किसानों को भरपूर बिजली और पानी की उपलब्धता कराए जाने अधिकारियों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को योजनाओं का स्पष्ट डेटा लेकर बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये। बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्य हरीशचन्द्र रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही, सभी का बुके भेंट कर स्वागत गया किया।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में जिले की 86 योजनाओं में से 72 योजनाओं को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है, जिस पर प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और इसी प्रकार आगे भी कार्य करने के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्द्धन किया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद में जिला चिकित्सालय व राजकीय मेडिकल कॉलेज स्तर पर इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्मित कराये जाने हेतु लम्बे समय से शासन में लम्बित भूमि को आपके प्रयास के फलस्वरुप उत्तर प्रदेश शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में हस्तांतरित की गई है। इस भूमि पर इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक बन जाने से यहां के लोगों को उपचार के लिए अन्य जनपदों में नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री जी से पाली से बरेली बस सेवा शुरु कराने का अनुरोध किया गया, ताकि यहां का पान व्यापार फिर से समृद्ध हो सके, जिस पर प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि शासन में इस विषय पर चर्चा करेंगे।

बैठक में ऊर्जा और कृषि विभाग के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए मा0 प्रभारी मंत्री ने दोनो विभागों के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार कार्य करें, जनपद के किसानों के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी रहें। जिले के किसानों को भरपूर बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। गर्मी के मौसम को देखते हुए पूर्व से ही बार बार खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों और तारों को बदलवाया जाए, इसके साथ ही पानी की उपलब्धता के लिए सभी सम्बंधित विभाग पूर्व से ही प्रभावी रणनीति बनाकर उस पर कार्य करें, ताकि जनपदवासियों को गर्मी के मौसम में विद्युत और पानी से सम्बंधित कोई समस्या न हो। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विगत 2 माह में झटपट पोर्टल पर कनेक्शन के लिए आये आवेदनों और लम्बित आवेदनों की सूची उपलब्ध करायी जाये, साथ ही लम्बित आवेदनों के सम्बंध में अधीनस्थों को नोटिस भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उपभोक्ताओं के द्वारा पेमेन्ट करने के बाद भी कनेक्शन न मिलने की अधिकतर शिकायतें आ रहीं हैं, इन उपभोक्ताओं की तहसीलवार सूची उपलब्ध कराने के साथ ही निर्धारित समय सीमा में कनेक्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसी दौरान जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत के द्वारा सुझाव दिया गया कि जिस क्षेत्र में फाल्ट होता है, कार्य होने तक केवल उसी क्षेत्र की बिजली काटी जाये, इसके साथ ही कांसीराम कॉलोनी में लॉड की समस्या के लिए नया ट्रांसफार्मर रखवाया जाए, इसके साथ ही तालबेहट के वन क्षेत्र में अवैध कटान की शिकायत की, इस पर प्रभारी मंत्री ने उक्त दोनों सुझावों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये और तालबेहट में अवैध कटान पर प्रभावी कार्यवाही कर दोषी अधिकारी/कर्मचारियों के सम्बंध में शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये गए।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हालही में हुई अतिवृष्टि के कारण पीढ़ति किसानों को क्षतिपूर्ति राशि की समीक्षा की, जिस पर बताया गया कि अतिवृष्टि के सम्बंध प्राप्त शिकायतों के आधार पर सर्वे का कार्य चल रहा है, सर्वे पूर्ण होते ही फसल बीमा योजना का क्लेम दिलाया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि किसानों को बीमा की धनराशि दिलाने के लिए प्रयास तेज किये जायें। नमामि गंगे प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में अधिकांश शिकायतें रोड़ खोदकर छोड़ देने की आती हैं, महीनों तक सड़कें खुदी पड़ी रहती हैं, इस पर प्रभारी मंत्री ने जल निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जहां-जहां सड़के खुदी पड़ी है, वहां पहले मरम्मत का कार्य कराया जाए, बाद में अन्य स्थान पर कार्य शुरु किया जाए। युवा कल्याण, सेवा योजन और क्रीड़ा विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद में वृहद स्तर पर रोजगार मेला आयोजित कराया जाए, साथ ही युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं के साथ अन्य आयोजन कराये जायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्र, सीएमओ डॉ इम्तियाज अहमद, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा

# किताबों की कालाबाजारी बंद व आदेश लागू हो: पस्तोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**जितनी सुविधा नहीं है उससे ज्यादा उन व्यवस्थाओं के नाम पर फीस वसूली जाती है**

बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री प्रभारी मंत्री ललितपुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अवगत कराया गया कि जनपद ललितपुर में सारे प्राइवेट स्कूलों में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश लागू करने का पालन नहीं किया जा रहा है हर वर्ष जनपद में पाठ्यक्रम को बदल दिया जाता है जिसके कारण दुकानदारों द्वारा एक बड़ी मोटी रकम बच्चों के अभिभावकों से वसूली जाती है स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी मर्जी के दुकानदार के पास कोर्स लेने के लिए भेजा जाता है जहां पर किसी भी प्रकार का कंसेशन नहीं दिया जाता है। ज्ञापन में बताया गया कि जहां एक ओर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है वही जिले के शिक्षा विभाग अधिकारियों की उदासीनता के कारण जिले में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर फैला है। मंत्री को अवगत करते हुए बताया गया कि प्राइवेट स्कूलों में जितनी व्यवस्थाएं सुविधा नहीं है उससे ज्यादा उन व्यवस्थाओं के नाम पर अवैध फीस वसूली जाती है परीक्षा और अन्य सुविधाओं के नाम पर भी अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है बजरंग सेना संगठन ने मंत्री से इस जनहितैषी समस्या को जल्द से जल्द दूर करने का आग्रह किया। साथ में इस जनहितैषी मुदे का हल नहीं मिलने पर बजरंग सेना संगठन द्वारा समस्त ललितपुर जिले के नागरिकों,स्कूल के बच्चों के अभिभावकों सहित एक उग्र आंदोलन आमरण अनशन करने की बात कही गई। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, धर्माचार्य प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी पंडा, जिला मंत्री अजय दुबे, जिला महासचिव शिव कुमार चंदेल, जिला मंत्री जितेन्द्र नायक, जिला प्रचार प्रसार मंत्री दीपेश उपाध्याय, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रामसिंह यादव ताहर राजा, वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कांत कांकर, महिला मोर्चा से ममता तिवारी, लेखा नामदेव,राजकुमारी दुबे, आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर में महिला से अभद्रता और मारपीट, दबंगों ने कपड़े फाड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

न्यायालय परिसर जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली जगह पर एक महिला के साथ सरेआम मारपीट, अभद्रता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने प्रभारी मंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और स्थानीय पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का गंभीर आरोप लगाया है।

महरौनी थाना क्षेत्र के पुराना सौंजना रोड निवासी रेशमा बानो पुत्री यासीन खान ने बताया कि वह 3 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1 बजे ललितपुर परिवार न्यायालय परिसर में अपनी एक तारीख (पेशी) के सिलसिले में आई थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी वहां पहले से मौजूद हिमांशु दीक्षित, शनि, रवीन्द्र दीक्षित (निवासी गंजबासौदा, विदिशा म.प्र.) और रमाकांत दीक्षित निवासी चौबयाना ने उसे घेर लिया। शिकायती पत्र के अनुसार, आरोपियों ने बिना किसी कारण के पीड़िता को गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने लात-घूंसों से हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने महिला से अभद्रता की और जमीन पर गिरा दिया। शोर शराबा सुनकर वहां मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया, तब जाकर महिला की जान बच सकी। इस हमले में पीड़िता के गले की सोने की चेन भी कहीं गिर गई और उसे काफी अंदरूनी चोटें आई हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उसने थाना कोतवाली ललितपुर में सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्याय के लिए भटक रही महिला ने अब प्रभारी मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर प्रभारी मंत्री ने मामले की गहनता से जांच और कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।



# इमलिया की महिलाओं ने एसपी से लगाई अवैध शराब की बिक्री रोकने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम इमलिया कला में अवैध शराब के कारोबार ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। सोमवार को बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर गांव में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब को बंद कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी को सौंपे गए पत्र में ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काला कारोबार कर रहे हैं। इस कारण गांव में हर समय शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीकर लोग आए दिन हुड़दंग करते हैं और राह चलती महिलाओं व युवतियों पर फब्तियां कसते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शराबियों की वजह से गांव की महिलाओं का घर से निकलना और रास्तों से गुजरना असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों ने शिकायत में स्पष्ट रूप से देवेन्द्र पुत्र करन, गज्जू पुत्र रामचरन, कल्लन पुत्र अमरसिंह, गोपाल पुत्र आशाराम, अजुद्दी पुत्र खच्चीरे और बल्लू अहिरवार पुत्र कमल के नामों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया है कि ये लोग अवैध बिक्री में संलिप्त हैं। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। दबंगों का कहना है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अवैध शराब के इस आतंक से त्रस्त होकर शारदा, सरोज, मीरा, पुनीत, जामुन, कमला, चन्द्रा, रैना और विमला सहित दर्जनों महिलाओं ने अपने अंगूठे के निशान और हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र पुलिस प्रशासन को दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## नियमित बैठकों पर जोर

# पाली तहसील इकाई का पुनर्गठन मनीष तिवारी फिर बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) की तहसील इकाई पाली की बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार बिरधा में सम्पन्न हुआ। बैठक में संगठन का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से मनीष तिवारी को पुनः तहसील अध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष सम्राट राजा की उपस्थिति में हुए इस पुनर्गठन में आशीष चौरसिया (पाली), जितेंद्र पंवार (बिरधा) एवं डॉ. विवेक पस्तोर को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रविन्द्र सिंह (बिरधा), देवदत्त पाठक (नाराहट) और परमात्मा राजपूत (एरावनी) को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। तहसील मंत्री के रूप में जगदीश राय (पाली), रामकुमार रजक (कलौथरा) और भरत किंकर (बिरधा) को चुना गया। मीडिया प्रभारी चंद्रभान भास्कर, ऑडिटर प्रदीप चौरसिया, नरेन्द्र सिंह पंवार को कोषाध्यक्ष तथा अटल टोंटे को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा अजीत सिंह, राघवेन्द्र विश्वकर्मा, ब्रजेश बुनकर, रवि चौबे, सर्वेश, नारायण और अशोक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सम्राट राजा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के दूसरे या चौथे शनिवार अथवा समाधान दिवस के दिन तहसील बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि संगठन के किसी भी सदस्य को आवश्यकता पडऩे पर वे हर समय सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रविन्द्र सिंह ने किया, जबकि अंत में अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मंडल सचिव डॉ. दिलीप सोनी, जिला उपाध्यक्ष सनमान सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




अखंड ब्राह्मण महासभा इकाई की मासिक बैठक हनुमान धारा में संपन्न हुए। आगामी 20 अप्रैल को आयोजित अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप बनाने व शोभायात्रा उत्सव के रूप में विचार रुपरेखा तय की गयी। ब्लॉक स्तर पर बैठक रखने का हर माह प्रस्ताव रखा गया। निश्चय किया गया कि हर माह 100 रूपये दान राशि सभी संगठन को दान स्वरूप देंगे।

बैठक में जिलाध्यक्ष पं.सुरेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। मंडल प्रभारी दीपक नायक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ऋतु शर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मौसम नायक, जिला उपाध्यक्ष पं.नीरज गंगेले, प्रवक्ता पं.गोपाल दुबे, राहुल तिवारी, जिला सचिव सुरेश कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद काकर, उपाध्यक्ष सानू उपमन्यु, जिला प्रभारी मोनू तिवारी, कमलेश गोस्वामी, अभिषेक दुबे आदि उपस्थित रहे। आभार अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने किया।

# स्कूटी से टक्कर मारी, बुजुर्ग को कुचला

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम सेरवासकलां में 25 मार्च को तेज रफ्तार स्कूटी ने बुजुर्ग को पीछे से टक्कर मार दी। बुजुर्ग बेहोश होकर गिर पड़े, सिर में अंदरूनी चोट लगी। आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घायल को पहले तालबेहट सीएचसी फिर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। 5 दिन तक आईसीयू में रहने के बाद होश आया, लेकिन अभी भी किसी को पहचान नहीं पा रहे। पीड़िता विजयपुरा निवासी अशोक कुमार पुत्र रामप्रसाद ने 5 अप्रैल को रात 9.32 बजे तालबेहट कोतवाली में लिखित तहरीर देकर स्नद्धक्र दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार, उनके पिता रामप्रसाद 25 मार्च को ललितपुर सीटी 100 यू.पी.94 एस 6456 से किसी काम से लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे सेरवासकलां के पहले ब्रेकर और राकेश साहू की दुकान के पास पहुंचे ही थे कि गांव के निवासी तुलसी पुत्र ललुआ ने अज्ञात एक्टिवा स्कूटी तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से रामप्रसाद गिरे और सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गए। आरोपी तुलसी बेहोशी की स्थिति देखकर भाग गया। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस व पुलिस चौकी तेरई फाटक के जरिए सीएचसी तालबेहट ले जाया गया। वहां से हालत बिगडऩे पर ललितपुर रेफर किया गया। 26 मार्च को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 5 दिन तक आईसीयू में रखा गया। अशोक कुमार ने 1 अप्रैल को तेरई फाटक पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार 11 दिन बाद कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई।

## उद्योग व्यापार मंडल ने बुके व स्मृति चिन्ह भेंट किया

# असिस्टेंट कमिश्नर बनी हिमांशी का मड़ावरा जैन समाज ने सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा (ललितपुर)

हाल ही में घोषित हुए यूपीपीसीएस परीक्षा के परिणाम में 154 वी रेंक से असिस्टेंट कमिश्नर(कॉमर्शियल टैक्स) के पद पर चयनित हुयी कस्बा मड़ावरा की कु.हिमांशी जैन का दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा व उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल इकाई द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि हिमांशी जैन व्यापारी परिवार से ताल्लुक रखती है, उनके पिता स्व.सुनील जैन जो कि व्यापार मंडल सदस्य थे व किराना की दुकान संचालित कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे, उनकी मृत्यु कोरोना काल के दौरान हो जाने से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया था किंतु उनकी पत्नी ममता जैन ने स्वयं परिवार की जिम्मेदारी उठाते हुए उक्त किराने की दुकान को संभाला व अपने 4 बच्चों जिनमें तीन पुत्रियां व सबसे छोटे पुत्र का भविष्य बनाने की जद्दोजहद में जुटी रहीं। उनके इस परिश्रम व सपने को साकार रूप देने का कार्य उनकी सबसे बड़ी सुपुत्री हिमांशी जैन ने किया जिसने घर के हालातों व जिम्मेदारियों के बाबजूद अपने आप को मजबूत बनाकर दिल्ली में रहकर पढ़ाई की व प्रयागराज में आयोजित हुयी यूपीपीसीएस की परीक्षा में 154 वीं रेंक के साथ असिस्टेंट कमिश्नर (कॉमर्शियल टेक्स) के पद पर चयनित हुयी। हिमांशी जैन के असिस्टेंट कमिश्नर बनने के उपरांत प्रथम बार ग्रह नगर आगमन पर दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा, उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं सामाजिक संस्थाओं व ग्राम बासियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान डा.विरधीचंद्र जैन, डा.राकेश जैन, डा.शिखरचंद्र जैन, नीलेश, राजू, मुकेश मामा, राजू सेठी,अजित स्टील, संजय खन्ना, प्रियंक सराफ, अजमेरी खान, राजेंद्र जैन, राजू सिलोनियां, सुमत मोदी, शेरसिंह राजा, सुलभ सिंघई, अंकुर जैन, सोनू भीकमपुर, सूरज चौधरी, संतोष नायक आदि उपस्तिथ रहे।



### नरसिंहगढ़ में विद्यार्थियों को सिखाया समय प्रबंधन और अनुशासन का महत्व

# 'भविष्य से भेंट': एसडीएम ने स्कूली विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़




स्थानीय सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में एसडीएम सुशील कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों की क्लास ली, बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी मूलभूत सिद्धांतों पर भी विस्तार से चर्चा की। पीपीटी के जरिए समझाया सफलता का मार्ग एसडीएम सुशील कुमार ने आधुनिक तकनीक (पीपीटी) का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को एकाग्रता और लक्ष्य निर्धारण के गुर सिखाए। उन्होंने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जोर दियाः अनुशासनः सफलता की पहली सीढ़ी स्वयं पर नियंत्रण है। समय प्रबंधनः समय का सही सदुपयोग ही प्रतियोगी परीक्षाओं में जीत दिलाता है। संवेदनशीलताः अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सजग और संवेदनशील रहें। कॅरियर काउंसलिंग और नैतिक शिक्षा सत्र के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं और 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए नैतिक दायित्वों का पालन करना भी अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और सफलता मिलने तक निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन ही वह कुंजी है, जो उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलती है। सुशील कुमार, एसडीएम इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजादित्य सक्सेना, समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ओम शांति महिला मंडल ने मेहंदी और रंगोली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा का आयोजन महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर मार्गदर्शन किया। परामर्शदाता हरिओम जाटव ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी है ' उन्होंने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जल स्रोतों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन-आंदोलन है।

### 15 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

# मंसूरी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 58 जोड़े बने हमसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम मऊ में मंसूरी समाज का वैवाहिक सामूहिक सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें समाज के करीब 58 जोड़ों का निकाह कुबूल किया गया। अमजेरी मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस शादी सम्मेलन कार्यक्रम मे समाजजनों ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की थी। सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुबारिक मंसूरी, फिरोज मंसूरी ठेकेदार एवं मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि शादी समारोह में अलग-अलग खर्च होने वाली फिजुल खर्ची को रोकने के लिए समाज के द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज को अनावश्यक खर्च से बचाते हुए आपसी तालमेल और एकता भाईचारा पैदा करना है। हमारी तैयारियों में सभी युवा, वरिष्ठ समाजजन सहयोग करते हुए सम्मेलन को सफल बनाया है। कमेटी ने बताया कि 58 से ज्यादा जोड़ो का निकाह इस्लामिक तरीके से संपन्न किया और समारोह में 5 जिलो के करीब 10 से 15 हजार समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान निकाह कराते हुए मौलाना इरफान अजीज, हाफिज अखलाक, मौलाना इमरान आदि ने शादी बंधन में बंधे समाज के 58 जोड़ो समझाइश देते हुए कहा की मियां-बीवी के बीच पूर सुकून माहौल होना चाहिए, जो आपसी भरोसे और समझ के बिना मुमकिन नहीं है।

### उपचार वातावरण होगा अधिक अनुकूल

## जिला अस्पताल के सभी वार्डों में प्रशासन ने लगवाए एसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पताल के सभी 19 वार्डों को वातानुकूलित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे मरीजों को अब बेहतर एवं अनुकूल उपचार वातावरण प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 50 एयर कंडीशनर क्रय किए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्थापित किया जाएगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत प्रदान करेगी तथा नियंत्रित तापमान के कारण मरीजों की रिकवरी में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वार्डों में तापमान नियंत्रण की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संक्रमण के जोखिम में कमी आएगी तथा मरीजों को आरामदायक वातावरण मिलेगा। अस्पताल के विभिन्न वार्डों जैसे मेडिसिन, सर्जिकल, पीडियाट्रिक, आईसीयू सहित अन्य विभागों में एसी स्थापित किए जाने से सभी वर्ग के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही नवजात एवं गंभीर रोगियों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

## रेसाई बांध परियोजना की अधिग्रहित भूमि से रात में अवैध मिट्टी उत्खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रेसाई बांध परियोजना के अंतर्गत ग्राम पीलूखेड़ी एवं तुर्कीपुरा की अधिग्रहित भूमि से रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी निकाले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 से 12 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश शासन द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से इस भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसका मुआवजा भी किसानों को 2 से 3 वर्ष पूर्व दिया जा चुका है। इसके बावजूद, सूत्रों के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा किसानों से एग्रीमेंट कर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक जेसीबी मशीनों से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। खुदाई की गई मिट्टी को ट्रैक्टर एवं डंपर के माध्यम से सीहोर, शाजापुर एवं राजगढ़ जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह मिट्टी विशेष रूप से ईंट निर्माण कार्य में उपयोग के लिए सप्लाई की जा रही है। अवैध परिवहन का यह सिलसिला नेशनल हाईवे के साथ-साथ नगर के मुख्य मार्ग एवं बायपास से भी जारी है। हैरानी की बात यह है कि जिन मार्गों से यह परिवहन हो रहा है, वहीं पुलिस एवं राजस्व विभाग की नियमित गश्त भी रहती है, इसके बावजूद पूरी रात चलने वाले इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही खुदाई के कारण कई स्थानों पर जमीन करीब 60 फीट तक गहरी खोदी जा चुकी है। इसके चलते न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि भविष्य में सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि या तो प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानकारी होने के बावजूद अनदेखी की जा रही है। मामले को लेकर एसडीएम सुशील कुमार एवं कार्यपालिका तहसीलदार विराट अवस्थी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

**इनका कहनाः**

यदि इस प्रकार का अवैध उत्खनन हो रहा है, तो संयुक्त टीम बनाकर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सुनीता कुमारी, नायब तहसीलदार, कुरावर**

## सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ वर्षों पुराने गड्ढों से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित पंडितवाड़ी क्षेत्र में वर्षों से जर्जर सड़क और गड्ढों की समस्या से जूझ रहे रहवासियों को अब राहत मिलने जा रही है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद गोपाल पाल,संतोष सोनी,संजय शर्मा ,अप्पू अनिल रुण्डवाल, सत्तू सोनी सहित नपा कर्मी गोकुल पुष्पद गौरव शर्मा वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद कार्य प्रारंभ होते ही वार्ड में उत्साह का माहौल देखा गया। लंबे समय से खराब सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती थी। अब सीसी सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्ड की स्वच्छता और सौंदर्य में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाएगा।

## राजगढ़ के शायर सत्येंद्र भारिल्ल को मिला 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के ख्यात ग़ज़लकार सत्येंद्र भारिल्ल को राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एक ऑडिटोरियम में आयोजित 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में देश के उभरते शायर के रूप में शंकर-शाद विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह गरिमामय आयोजन गत दिवस आयोजित हुआ जिसमे देश-विदेश के चुनिंदा शायरों और साहित्यप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए देशभर के 500 से अधिक शायरों में से श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया गया, जिसमें सत्येंद्र भारिल्ल को यह सम्मान प्राप्त होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। समारोह के दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध फिल्म लेखक एवं गीतकार जावेद अख़्तर, ख्यात शायर वसीम बरेलवी, शीन काफ़ निज़ाम तथा डीसीएम श्रीराम समूह के प्रबंध निदेशक माधव श्रीराम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर उर्दू अदब की दुनिया के कई प्रतिष्ठित नामों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

इनमें इक़बाल अशहर, अज़हर इक़बाल, शकील आज़मी, राजेश रेड्डी, शबीना अदीब, हिना रिज़वी, सैफ़ निज़ामी, जुबेर अली ताबिश, तंज़-ओ-मिज़ाह के शायर श्री तंग तथा लंदन से पधारे शायर हिलाल फरीद प्रमुख रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने शिरकत कर मुशायरे का आनंद लिया। सत्येंद्र भारिल्ल की इस उपलब्धि से राजगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। साहित्यिक जगत ने सफलता को नई पीढ़ी के शायरों का प्रेरणास्रोत बताया है।

## सेन जयंती पर खुजनेर में निकलेगा चल समारोह, विधायक को दिया निमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में सर्व सेन समाज एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और क्षेत्र के आसपास गांवों में घर-घर जाकर समाजबंधुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है।इसी क्रम में समाजजनों ने राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है समिति द्वारा सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### भारतीय सेना में 24 साल सेवा देने बाद घर वापसी

## सेना से सेवानिवृत्त हवलदार सौलंकी का नगर से निकलते समय किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



भारतीय सेना से 24 वर्षों की सेवा देने के बाद हवलदार की रैंक से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव देवरी लौट रहे कमल सिंह सोलंकी का नगर में स्वागत किया। नगर की सीमा में आगमन पर डीजे और वीर सैनिक के गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्ग से खिलचीपुर नाका इंदर चौराहा माचलपुर होते हुए जुलूस के रूप में लाया गया, जहां पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, कुशाल मंडलोई सहित जनप्रतिनिधियों ने खिलचीपुर नाका पर पहुंचकर गर्म जोशी से फौजी का स्वागत किया! लोगों के इस अगाध प्रेम से भावुक हुए कमलसिंह ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में तैनाती के दौरान उन्हें हमेशा अपनी मिट्टी व समाज की याद आती थी, लेकिन आज जो सम्मान उन्हें मिला है, वह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके आगे आगे पहले से सेवानिवृत भारतीय सेना जवान मोटर साइकिल से चल रहे थे। नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहा पर प्रकाश चौहान मित्र मण्डली ,इंदर चौराहा पर अरविन्द बंसल मित्र मण्डली , बजरंग दल मित्र मण्डल , महर्षि पब्लिक स्कूल के सामने प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवनारायण दांगी , दिलीप राठौर , मां सरस्वती एकेडमी ने भावभीना स्वागत किया तत्पश्चात कोडक्या , बाड़गांव , लखोनी गांव होते हुए गांव देवरी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने जोश हर्षोल्लास से स्वागत किया।

### एक बीघा की फसल जलकर हुई राख

## खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



समीपवर्ती ग्राम धतरावदा में एक खेत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते खेत में रखी फसल नष्ट हो गई। यह आग 33 केवी विधुत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब एक बीघा में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि धतरावदा निवासी गिरधारीलाल गुर्जर के खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी। पास ही करण सिंह गुर्जर के खेत में रखा गेहूं का भूसे और करीब 20 पाइप छड़ी 33 केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

## महादेव मित्र मंडल की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सत्य अटल है उसे झुठलाया नहीं जा सकता। संस्था धार्मिक, सामाजिक कोई भी हो या राजनीतिक प्रत्येक क्षेत्र में महादेव मित्र मंडल के सदस्य नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। यह बात मुख्य अतिथि नगर के प्रबुद्धजन पंडित प्रेम शंकर पांडे, साहित्यकार पंडित सत्यनारायण शर्मा काका , पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने स्थानीय महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिवार रात्रि को वटकेश्वर महादेव मंदिर मे संगठन विस्तार विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहीं। बैठक का शुभारंभ महादेव का स्मरण करते हुए जय घोष के साथ किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर के अध्यक्ष छठवीं बार सर्वसम्मति से निर्वाचित महादेव मित्र मंडल के वरिष्ठ सलाहकार लक्ष्मी नारायण त्रिकार का एवं सर्व ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित , मंडल के ही सदस्य आशुतोष वैद्य का महादेव मित्र मंडल की ओर से साफा एवं दुपट्टा एवं शाल पहना कर पुष्प माला से सम्मानित किया। यहां उल्लेखनीय है सम्मान व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का होता है। इस दौरान मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया हमें गर्व है कि हमारे मंडल के सदस्य अन्य संस्थाओं का नेतृत्व करते हुए समाज सेवाएं कर रहे हैं। संगठन के ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला ने बताया एक अच्छा मजबूत संगठन स्पष्ट भूमिका मजबूत संचार और बेहतर समन्वय के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर वरिष्ठ सलाहकार त्रिकार ने कहा युवाओं को पूर्ण ऊर्जा और कर्तव्य निष्ठा से आगे आना होगा बैठक में कार्यों की समीक्षा हो, कमियों को बताए ताकि वह दूर हो सके। पूर्व अध्यक्ष संजय विजयवर्गी ने संगठन में सहयोगात्मक भावना का होना जरूरी है।

## बेजुबानों के लिए महिलाओं ने बांटे पानी रखने सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के विजयवर्गीय समाज की महिलाओं के द्वारा गर्मियों को ध्यान में रखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए वितरित करवाए गए सकोरे(जलपात्र)। नगर एवं जिले के सभी व्यक्तियों से आव्हान किया गया की आप भी इस दिशा में सार्थक कदम उठाए।।